26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बृहस्पतिवार, 13 अगस्त, 2026
अंक- 290 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## यूपी में महिलाओं को मिलेंगे 50-50 हजार रुपये

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं पर फोकस बढ़ता नजर आ रहा है। योगी सरकार महिलाओं के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता वाली नई योजना लागू करने के प्रस्ताव की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित योजना का मकसद महिलाओं को आर्थिक मदद देने के साथ उन्हें स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, योजना को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इसके संभावित प्रारूप पर विचार चल रहा है। चर्चा है कि चुनाव से पहले पात्र महिलाओं को 20 हजार की पहली किस्त दी जा सकती है। इसके बाद भाजपा की सरकार बनने पर 10-10 हजार की तीन और किस्तें दिए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

प्रस्तावित योजना में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है। चर्चा है कि एससी, एसटी, बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को इसमें शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा ऐसे परिवारों की महिलाओं को भी योजना में शामिल करने पर विचार हो रहा है, जिनकी सालाना आय 12 लाख तक है। यानी योजना को केवल बेहद गरीब परिवारों तक सीमित रखने के बजाय व्यापक आर्थिक दायरे में लाने की संभावना पर भी मंथन किया जा रहा है। हालांकि, अंतिम पात्रता क्या होगी, यह अभी तय नहीं है।

## वंदे मातरम...सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

# सिर्फ एक मिनट चली लोकसभा

### मोदी, शाह और राहुल सदन में मौजूद रहे



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** संसद का मानसून सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली।

लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के तुरंत बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन एमएमडीआर संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया।

#### लोकसभा में 114 घंटे में से 96 घंटे काम नहीं हुआ

मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है। इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई।

#### राज्यसभा में 114 घंटे में से 76 घंटे 34 मिनट काम नहीं हुआ

मानसून सत्र में राज्यसभा की बैठकें भी लोकसभा के बराबर रहीं और 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन राज्यसभा में लगभग 37 घंटे 24 मिनट काम हुआ। यानी करीब 76 घंटे 36 मिनट कम कार्यवाही हुई।

#### मानसून सत्र में 12 नए बिल पेश, 11 दोनों सदनों में पास

संसद के मानसून सत्र में कुल 12 नए बिल पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। लोकसभा में आए बिल टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन बिल के राज्यसभा से पास होने के बाद अब 12 में से 11 बिल दोनों सदनों से पास हो चुके हैं। केवल भारतीय सांख्यिकी संस्थान बिल अभी दोनों सदनों से पास नहीं हुआ है। राज्यसभा में पेश किए गए दोनों बिल भी लोकसभा से पास हो चुके हैं।

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




**सूचना**

आज के अंक के साथ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 8 पेज का रंगीन परिशिष्ट है। अपने एजेंट/हॉकर से अवश्य प्राप्त करें।

-व्यवस्थापक

# इंदिरा बाल भवन में होगा 'हर घर तिरंगा' अभियान का विशेष कार्यक्रम

## डीएम ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**बिजनौर (चिंगारी)।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 15 अगस्त 2026 को इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परियोजना निदेशक, डीआरडीए को नोडल अधिकारी तथा उपकृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को सहनोडल अधिकारी नामित किया गया है। सभी नामित अधिकारियों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### ध्वज संहिता का होगा पूर्ण पालन

जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और झंडा संहिता के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वंदे मातरम् और राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति की जाएगी।

### नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी

कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, साज-सज्जा, ध्वजारोहण की तैयारी, प्रतिभागियों के बैठने, शुद्ध पेयजल और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था नगर पालिका परिषद, बिजनौर द्वारा की जाएगी। वहीं प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सक और मोबाइल एम्बुलेंस की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।



### इन्हें किया जायेगा आमंत्रित

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद सैनिकों के आश्रितों एवं वीर नारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें उनके घर से कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था तहसीलदार सदर, बिजनौर द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक एवं महिला मंगल दलों, एनसीसी कैडेट्स तथा स्कूली छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।






# समरसता का संदेश लेकर निकली संत रविदास की कलश वंदन यात्रा

**नगीना (चिंगारी)।** सामाजिक समरसता और भाईचारे के संदेश के साथ नगीना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संत रविदास की 650वीं जयंती पर कलश वंदन यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम संयोजक व भाजपा नेता रोहित रवि ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देशभर में संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देता है और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के तहत नगीना के मोहल्ला लालसराय, मोहल्ला चौधराना, गांव धर्मपुर, भदल्लोपुर, मट्ठेरी में संत गुरु रविदास की पावन कलश वंदन यात्रा निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ता और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष फूल सिंह चौधरी, विधानसभा संयोजक नीरज बिश्नोई, मंडल संयोजक रोहित रवि, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, संतोष देवी, जितेंद्र राठी, अमिचंद रवि, हरपाल सिंह, मनोहर प्रकाश सैनी, रविदास सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह, रविकांत एड., मदनपाल सिंह, अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा दे रही संस्था 'माटी'

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्रामीण समुदाय को डिजिटल तकनीक से जोड़ने तथा किसानों को आधुनिक कृषि व्यवस्था और डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से माटी संस्था द्वारा ग्राम पंचायत तिसोतरा एवं टीकमपुर में डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में माटी संस्था के कृषि अधिकारी सुनित कुमार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि यंत्रों तथा डिजिटल माध्यमों के उपयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, मशीनों के रखरखाव तथा कृषि कार्यों में तकनीकी साधनों के प्रभावी प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को क्यूआर कोड, डिजिटल भुगतान एवं ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को ऑनलाइन फॉर्म भरने, डिजिटल माध्यम से आवश्यक दस्तावेज साझा करने तथा इंटरनेट के माध्यम से कृषि एवं सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझायी गयी।



### साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर

डिजिटल जागरूकता के साथ-साथ ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्हें सलाह दी गयी कि वे किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी नंबर, एटीएम पिन नंबर, बैंक विवरण, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। साथ ही किसी संदिग्ध लिंक या अनजान क्यूआर कोड को स्कैन करने से पहले उसकी विश्वसनीयता की जांच अवश्य करें।

# मंडावर रिक्शा यूनियन धूमधाम से मनाएंगी स्वतंत्रता दिवस

**मंडावर (चिंगारी)।** बुधवार को रिक्शा यूनियन की एक बैठक का आयोजन मेन बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर हुआ जिसमें रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष पत्रकार मोईन अहमद ने बताया कि रिक्शा यूनियन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाएंगी। देश भक्ति गानों के साथ कस्बे में विशाल रैली निकली जायेगी जिसमें सैकड़ों रिक्शाओं का साथ होगा, उसके बाद कार्यालय पर मिष्ठान वितरित किया जाएगा। बैठक में यूनियन अध्यक्ष मोईन अहमद के साथ महामंत्री जगदीश चौहान, उपाध्यक्ष राशिद कुरैशी, मौ नाजिम, शकील अहमद, अब्दुल वाहिद मुल्ला, इस्तेखार, सलमान, सुरेंद्र, शमशुद्दीन, अफजाल, अनुराग, सत्री, सलमान कमकर, अरविंद, मोनिस, भोले, शौकीन, सिकंदर, इदरीस शेख, छोटे सिंह, शकील, शमशुद्दीन मकरानी आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद रिक्शा चालक

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

बेरिकेडिंग और गड्ढों से क्षेत्रवासियों की परेशानी बढ़ी ( पेज 7 )



# पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े चार बदमाश, चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश




मुठभेड़ के बाद सीओ के साथ मौजूद पुलिस टीम।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के दौरान चार बदमाश गिरफ्तार करते हुए एक सप्ताह पूर्व मानियावाला में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी की वारदातों का खुलासे का दावा किया है। इस मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। अफजलगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात लगभग 10:30 बजे कासमपुर गढ़ी स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज के पास पुलिस-बदमाश मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इस मुठभेड़ में सिपाही गौरव कुमार घायल हुआ है जो सीएचसी अफजलगढ़ में उपचाराधीन है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने अपने नाम नाजिम पुत्र यामीन, विमल कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह, दीपक पुत्र राजू व आशीष पुत्र दिनेश निवासीगण ग्राम रेहड़ बताएं हैं। थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक सप्ताह पूर्व मानियावाला में ऋषभ चौहान के ट्यूबवेल से एवं गढ़ी बस स्टैंड स्थित मानियावाला में नईम के घर से हुई चोरी से संबंधित 30,000 रुपए नकद, 5 सोलर प्लेट सहित एक ट्रक, दो तमंचे, दो खोखा कारतूस व चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

## पकड़े गये बदमाशों पर कई मुकदमे दर्ज

**मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश नाजिम के खिलाफ 10, विमल के खिलाफ 15 व दीपक के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज हैं। चारों बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह व कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक मनवीर सिंह सहित हे.का. विपिन कुमार व सिपाही गौरव कुमार राजीव कुमार और विपिन शामिल रहे।**

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रायपुर सादात मंडल की तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा से कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। रायपुर सादात क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आरआर मोरारका स्कूल से बूंदकी पुलिस चौकी तक तिरंगा यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजीत अग्रवाल ने यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, मंडल प्रभारी सहदेव भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष देशराज, गन्ना समिति अध्यक्ष चेयरमैन अनिल राणा, मोहित चौहान, राजीव चौधरी, जितेंद्र चौधरी, दुष्यंत चौधरी, हिमांशु राजपूत, दिग्विजय प्रजापति, मनोज थापा आदि मौजूद रहे।

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



भली लगे
या बुरी ...

## एनजीओ फिर चर्चाओं में

इन दिनों काक्रोच जनता पार्टी का अस्तित्व में आना अनेक सवाल पैदा कर रहा है। उसकी कोशिश जनान्दोलनों की कमान संभालना भी है, पर वे सफल नहीं हो रहे हैं। मोदी सरकार आने से पहले भी समाजसेवी अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे थे, पर जल्दी ही साफ हो गया था कि उनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ सत्ता परिवर्तन अधिक था। ऐसे ही आरोप जयप्रकाश नारायण जी की ' सम्पूर्ण क्रांति' पर भी लगते रहे हैं, जिसके बाद आपातकाल लगाने की जरूरत पड़ी थी। ऐसे में गंभीर होते आर्थिक सवालों के बीच एक बार फिर एनजीओ ( सहायता प्राप्त गैर सरकारी संगठन ) की भूमिका चर्चा में है। इन्टलीजेंस ब्यूरो ने पिछले दशक में ही खासतौर पर खुलासा किया कि देश में कई एनजीओ ऐसे हैं, जिनकी भूमिका संदिग्ध है। इन्हें गृह मंत्रालय देश में गरीबों का जीवन स्तर उठाने से सम्बन्धित विकास कार्य रोकने के प्रयासों के लिए जिम्मेदार मान रहा था। इनमें चर्चित 'ग्रीन पीस' से जुड़े संगठन भी शामिल हैं। आई बी रिपोर्ट ने कहा गया था कि इन संगठनों को बड़े पैमाने पर कुछ पश्चिमी देशों से आर्थिक सहायता मिल रही है और इनका इरादा देश की आत्मनिर्भरता व विकास को बाधित करना लगता है। उल्लेखनीय है कि खुफिया ब्यूरो पिछले काफी समय से इन संगठनों की गतिविधियों पर निगाह रख रहा था और उसी के बाद उसने यह रिपोर्ट जारी की थी।

सच जो भी हो, यह एक कड़वी सच्चाई है कि देश में सैकड़ों की संख्या में काम कर रहे एन जी ओ की भूमिका पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं और यह एक तथ्य है कि धुंआ तभी निकलता है, जब कही-न-कहीं किसी न किसी रूप में आग सुलग रही हो। यह बताना समीचीन होगा कि राज्य और केन्द्र सरकारों से लेकर विदेशों तक से बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता पाने वाले ऐसे संगठनों की संख्या काफी बड़ी और बढ़ी है। ऐसी सहायता न लेने वाले एन जी ओ लगभग न के बराबर हैं। कहा जाता है कि विशेष रूप से विदेशों से सहायता लेने वाले एनजीओ के इरादे उतने पाक-साफ नहीं होते, जितना कि वे दावा करते हैं। हाल के वर्षों में इनका दबदबा और सक्रियता काफी तेजी से बढ़ी है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने नदी में खड़े होकर धरना दिया

### पहाड़ा नदी पर पुल बनाने की मांग

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन के करते हुए पहाड़ा नदी पर पुल बनाए जाने की मांग को लेकर नदी में खड़े होकर धरना दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए हैं।

गौरतलब है कि क्षेत्र के आधार दर्जन गांवों को बढ़ापुर से जोड़ने वाले बढ़ापुर-सरदारपुर मार्ग पर पहाड़ा नदी पर पुल न होने से आधा दर्जन गांव के हजारों ग्रामीणों को हर वर्ष मानसून काल में सड़क संपर्क भंग हो जाने से भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासी लंबे समय से नदी पर पुल बनाए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं। आज बढ़ापुर- नगीना मार्ग पर पड़ने वाले ग्राम रसूलपुर मुजफ्फर में भारतीय किसान यूनियन टिकेत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ट्रैक्टरों पर तिरंगे लगाकर एकत्रित हुए जहां से यूनियन के तहसील अध्यक्ष सोनू विरक के नेतृत्व में करीब 5 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन करते हुए बढ़ापुर नगर से होकर पहाड़ा नदी पर पहुंचे और ट्रैक्टरों को नदी में खड़ा कर धरना शुरू कर दिया है।


नदी में धरना देते किसान।

यूनियन के तहसील अध्यक्ष सोनू विरक का आरोप है कि बीते वर्ष भी पहाड़ नदी पर पुल बनाए जाने की मांग को लेकर किसानों ने एक सप्ताह से अधिक तक नदी किनारे धरना दिया था, तब धरना स्थल पर पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया था कि अगले वर्ष ग्रामीणों को इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया था किंतु आज तक पुल के नाम पर नदी में एक ईंट भी नहीं लगी है। समाचार दिए जाने तकनदी में किसान यूनियन का धरना चल रहा था।

## बिजनौर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज नगर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इंदिरा बाल भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा, स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल नजर आया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे लोगों के बीच 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। यात्रा में लहराते तिरंगे और कार्यकर्ताओं के जोश ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा इंदिरा बल भवन से शुरू होकर बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड चौराहा, जजी चौराहा, शक्ति चौराहा और सिविल लाइन सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहार बॉबी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप, पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय मंत्री दीपमाला संतोषी, नहटौर विधायक ओम कुमार, धामपुर विधायक अशोक राणा, एमएलसी अशोक कटारिया, वरिष्ठ नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी, सीपी सिंह, डॉ. बीरबल सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी, अनूप बाल्मीकि, श्रीमती हरजिंदर कौर, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## बिजनौर में लाल बहादुर शास्त्री और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं का अनावरण, चौराहों का हुआ सौंदर्यकरण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद, बिजनौर की ओर से महापुरुषों को सम्मान देने और शहर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई है। नगर के दो प्रमुख चौराहों पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। प्रतिमाओं का अनावरण मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद, बिजनौर की चेयरमैन श्रीमती इंदिरा सिंह ने किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन इंदिरा सिंह ने कहा, नगर के सभी प्रमुख चौराहों का सौंदर्यकरण हमारी प्राथमिकता है। इसी कड़ी में महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके। उन्होंने घोषणा की कि नगर पालिका जल्द ही शहर के अन्य चौराहों पर भी अन्य महान विभूतियों की प्रतिमाएं लगवाएगी। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके अलावा सभासद शमशाद अंसारी, अभिषेक राणा, आदिल एड., मनोज चौधरी उर्फ मनी, नीरज शर्मा, राजीव वर्मा, अतुल, अमित ठाकुर, दीपक गर्ग, तुषार चौधरी, मुस्तकीम, सुरेन्द्र सिंह, श्रीमती मनोरमा शर्मा, मानव सचदेवा, विजेन्द्र सिंह तथा नगर पालिका के कर अधीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत सिंह, कर निरीक्षक सुंदर लाल, ऋषिपाल सिंह और निर्माण लिपिक सोनिका सहित पालिका के कई अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

# बेरिकेडिंग और गड्ढों से क्षेत्रवासियों की परेशानी बढ़ी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सावन माह की कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रशासन की ओर से अफजलगढ़-जसपुर बाईपास मार्ग पर की गई बेरिकेडिंग और मार्ग के किनारों पर गड्ढे खोद दिए जाने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्कूली बच्चों, अभिभावकों, साइकिल व बाइक सवारों के साथ-साथ किसानों, मजदूरों और पैदल यात्रियों को भी आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने अफजलगढ़ नगर से जसपुर जाने वाले बाईपास पर बेरिकेडिंग कर बस, टैंपो, ई-रिक्शा आदि वाहनों के नगर में आने पर रोक लगा दी थी। बड़े वाहनों के बंद होने के बावजूद बेरिकेडिंग के किनारे से स्कूली बच्चे, पैदल यात्री, बाइक और साइकिल सवार तथा किसान आवागमन कर रहे थे। अन्य वाहनों को नगर के बाहर बने हाईवे से निकाला जा रहा था। गत 11 अगस्त को जलाभिषेक पर्व शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद भी अफजलगढ़-जसपुर हाईवे के पास बेरिकेडिंग के किनारे दो गड्ढे खोद दिए गए, जिससे पहले ई-रिक्शा और बाइक के निकलने के लिए बचा रास्ता भी बंद हो गया। इसका सबसे अधिक असर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों पर पड़ा। अभिभावकों को बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए बाईपास से घूमकर करीब चार से पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। रास्ता बंद होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने, मजदूरों को आवागमन करने तथा साइकिल और बाइक सवारों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं चंडीगढ़, पंजाब, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हल्द्वानी व नैनीताल आदि स्थानों से आने-जाने वाली बसों के यात्रियों को धामपुर रोड स्थित शुगर मिल के पास हाईवे पर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

### ...ताकि 5 किमी. का चक्कर न लगाना पड़े

**सभासद मौ. शाहिद, जिया खान, नफीस अहमद और जयपाल सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों, साइकिल-बाइक सवारों और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से 4-5 किलोमीटर का चक्कर न लगाना पड़े।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है, लेकिन जलाभिषेक पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद भी स्थानीय आवागमन पूरी तरह बंद कर दिए जाने से आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ता बंद होने के बाद स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों, साइकिल व बाइक सवारों तथा पैदल यात्रियों के लिए सीधे आवागमन बंद हो गया है। लोगों को वैकल्पिक मार्ग से करीब चार से पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।

## आईटीआई अनुदेशक संघ का चुनाव सम्पन्न

# संजीव कुमार अध्यक्ष व राजकुमार महामंत्री निर्वाचित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ लखनऊ की शाखा बिजनौर अनुदेशक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव में संजीव कुमार को जिलाध्यक्ष, राजकुमार को जिला महामंत्री और अरविंद कुमार को जिला कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

बुधवार को चुनाव अधिकारी जिला संरक्षक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद देशराज सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने और संचालन पूर्व मंत्री आशीष सक्सेना ने किया। अधिवेशन में सुभाष यादव, करतार सिंह, राकेश, रवि, प्रह्लाद सिंह, सत्यवीर सिंह, राहुल कुमार, प्रेम सिंह, निर्पेंद्र कुमार, बृजेश यादव, डांडियाल सिंह, रश्मि, अरुण, प्रियंका, अनु रानी, अर्चना गहलोत, शिवाली, निखत, नीरज कुमार, योगेश कुमार, आसिफ अली, अंकित, मोहित, दर्पण, विकास, विजयपाल, सरवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक वैलफेयर एसोसिएशन ने डीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया




**बिजनौर /खासपुरा ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वैलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी बिजनौर से उनके कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर संगठन की ओर से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) उन्हें भेंट किया गया।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में व्यस्तता के कारण जिलाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकी थीं। संगठन के पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय पहुंचकर उन्हें सम्मानपूर्वक मोमेंटो भेंट किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सैनिकों और पूर्व सैनिकों की हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के सकारात्मक आश्वासन के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा पूर्व सैनिकों के हितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक खासपुरा निवासी यशपाल सिंह, अध्यक्ष अरविन्द कुमार लांबा, उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, कोषाध्यक्ष लवकुश कुमार एवं वरिष्ठ पदाधिकारी श्री रेशपाल सिंह उपस्थित रहे।

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always | TATA

INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# चार्ज मिलते ही एक्शन में आये चीनी मिल प्रधान प्रबंधक



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चीनी मिल नजीबाबाद के नवागत प्रधान प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा ने मिल की प्रशासक/जिलाधिकारी बिजनौर जसप्रीत कौर के सम्मुख चार्ज ग्रहण के बाद सिद्ध पीठ सिद्धबली भगवान बजरंग बली के दरबार में दर्शन करने के बाद चीनी मिल नजीबाबाद के अतिथि ग्रह में मुख्य अभियन्ता प्रमोद कुमार, मुख्य रसायन विद् राधेश्याम गुप्ता, सी.ए. नीरज पाण्डेय, मुख्य गन्ना अधिकारी दमिनेश कुमार राय, उपमुख्य रसायन विद्/सुरक्षा प्रभारी आलोक गुप्ता, उपमुख्य अभियन्ता पंकज रावत, सहायक अभियंता/अतिथि ग्रह प्रभारी विवेक यादव, सहायक अभियन्ता सुयश द्विवेदी, रसायन विद् अशोक वर्मा, सुधीर पटेल, भुपेन्द्र कुमार, गणेश शर्मा, प्रयोगशाला प्रभारी महीपाल सिंह सहित मुख्यत: प्रशासनिक अधिकारियों की एक आवश्यक मीटिंग कर चीनी मिल के रिपोर्टिंग व मरम्मत की जानकारी प्राप्त कर गन्ना पेराई सत्र 2026-27 के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

तत्पश्चात प्रधान प्रबन्धक ने चीनी मिल के मिल हाउस, बायलर हाउस, पावर हाउस, ब्यालिंग हाउस, ड्रायर हाउस से लेकर चीनी मिल के गोदामों में रखी चीनी का निरीक्षण किया। बता दें कि शर्मा वर्ष 2012 से नगीना व नजीबाबाद में तहसीलदार और चांदपुर में न्यायिक तहसीलदार के पद पर रह चुके हैं। श्री शर्मा अब नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विशेष कार्यकारी अधिकारी के पद से स्थानांतरित होकर चीनी मिल नजीबाबाद के प्रधान प्रबंधक पद पर नियुक्त हुए हैं।




# भाजपा ने निकाली शानदार तिरंगा यात्रा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। मुरादाबाद रोड स्थित परफेक्ट क्लासेज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व परिवहन मंत्री व विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा में शामिल भाजपाई हाथों में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय,हिंदुस्तान जिंदाबाद,वन्दे मातरम व देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा मुरादाबाद मार्ग से प्रारंभ होकर शिव मंदिर चौक, रोडवेज स्टेंड से होते हुए शहीद तिराहे पर सम्पन्न हुई। समापन के दौरान शहीद तिराहे पर वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. महेन्द्रप्रताप सिंह, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, वरिष्ठ नेता सीपी सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, नगर महामंत्री प्रणय मनु गुप्ता, प्रांतीय सदस्य धर्मेन्द्र जोशी, प्रेमपाल सिंह रवि, हरभजन



सिंह, सन्दीप जोशी, सरदार रविन्द्र सिंह, अजयवीर एडवोकेट, मुकुल गुप्ता, डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी, तकदीस गुलरेज अंसारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** संयुक्त मोर्चा के आह्वान भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने बृहस्पतिवार को नगर में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यालय पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ एकत्रित हुए क्षेत्र के किसानों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से प्रारंभ होकर शहीद तिराहा, रोडवेज बस स्टेंड, शिव मंदिर चौक, बुध बाजार व धामपुर चौक से होकर विद्युत कार्यालय पर सम्पन्न हुई। यात्रा में शामिल किसान देश भक्ति व किसान संगठन के हित में नारे लगाते चल रहे थे। विद्युत कार्यालय पर एक पंचायत आयोजित की गई, जहां किसानों की बिजली सम्बंधित समस्याओं के सम्बन्ध में अधिकारियों से वार्ता कर उनके समाधान के



सम्बंध में एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपा गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनीत धनकड़, लोकेश कुमार, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, समरपाल सिंह, कोकिल चौधरी, कल्याण सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, अशफ़ाक खान, रियाजुद्दीन, पीयूष कुमार, दुष्यन्त यादव, डॉ. इशरत अली वारसी, कावेंद्र सिंह समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# चांदपुर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में विशाल तिरंगा यात्रा जोश-ओ-खरोश के साथ निकाली गई। वंदे मातरम, भारत माता की जय की उदघोष से लोगों में उत्साह बढ़ गया। सरगम सिनेमा से शुरू हुई तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में भाजपा की वरिष्ठ नेता श्रीमती सुमन त्यागी, श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, मा. हरिराज सिंह,अशोक कुमार नेताजी, अरविन्द कुमार पप्पू, विकास गुप्ता रॉकी, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, प्रमोद सूर्या सैनी, ब्रजपाल सैनी, पुखराज सैनी, सुधीर अग्रवाल, अवनीश त्यागी, रजनीश चौहान, शारिक जिया, राजेन्द्र त्यागी, डा. शिबली खान, डा. सुनील गौतम, प्रशांत गर्ग, नरेश सैनी, जगदीश गिरि, संगीता सैनी, बाबूराम जोशी, विशाल शर्मा बल्ली,



सुरेन्द्र बजाज, आशू गोयल आदि हजारों लोग शामिल थे।

### 100 मीटर का तिरंगा आकर्षण का केंद्र रहा

**अरविन्द कुमार पप्पू व श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल की ओर से तैयार किया गया 100 मीटर लम्बा तिरंगा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। 100 मीटर लम्बे तिरंगे को लोग पकड़े हुए चल रहे थे।**

# नगर पालिका ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आज सुबह नगरपालिका परिषद चांदपुर की ओर से नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल लोग अपने हाथों में तिरंगा लिए चल रहे थे। वंदे मातरम, भारत माता के उद्घोष ने लोगों में उत्साह एवं जोश भर दिया। तिरंगा यात्रा में नगर के अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेटों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।



आज सुबह नगर पालिका परिषद से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों ने लोगों को रोमांचित कर दिया। तिरंगा यात्रा में हिंदू इंटर कालेज, एमएम इंटर कालेज, वैदिक कन्या इंटर कालेज, सीबीरमन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट, नगर पालिका कर्मचारी, सभासद, स्कूलों के शिक्षक आदि मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा में चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना, पालिका कर्मियों मौ. आदिल, सलीमुद्दीन, नूर आलम, सलमा नूर हमीदी, हिन्दू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा, महेन्द्र सिंह त्यागी, मौ. यूसुफ, सभासद मंदीप चौधरी, शेख रईस अहमद, अब्दुल वहीद सैफी, विशाल शर्मा बल्ली, प्रशांत गर्ग, राकेश सैनी, सुधीर अग्रवाल, जगदीश गिरि, बाबूराम जोशी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# आवास विकास कालोनी वालों के सामने अब एक नई मुसीबत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आवास विकास में नई नाली बनाने और नई सड़क बनाने के लिए तोड़फोड़ का कार्य कई दिनों से चल रहा है, ऐसे में यहां रह रहे लोगों के सामने एक नई दिक्कत आ गई है। अनेक घरों, जो काफ़ी पूर्व आवास विकास में बने थे, उनके सेप्टिक टैंक की लाइनें, नई नालियों के बनने के बाद नालियों के नीचे या निचले हिस्से में आ गई हैं, जिससे उनकी नालियों के ब्लॉक होने का ख़तरा उत्पन्न हो गया है।

ऐसे कुछ लोग, जिनके घरों की नालियां ब्लॉक होने जा रही हैं अथवा नई सड़क बनने से ब्लॉक हो सकती हैं, वे अपनी समस्याओं के साथ नगर पालिका के संबंधित



अधिकारियों से जाकर मिले और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उनका कहना था कि उनकी नालियों को नई सड़क बनने से पूर्व ही सड़क के नीचे आने वाली मुख्य सीवर लाइन से जोड़ दिया जाए ताकि सड़क बनने के बाद उसमें तोड़फोड़ न हो और निवासियों के घर भी प्रभावित न हों, लेकिन जानकारी मिली है कि नगरपालिका द्वारा इस संबंध में अपने हाथ खड़े कर दिए गए और अवगत कराया गया कि ऐसी कोई योजना हमारे यहां नहीं है जिससे यह कार्य नहीं कराया जा सकता है। बताया जाता है कि आवास विकास के निवासीगण चेयरपर्सन, नगर पालिका और जिलाधिकारी कार्यालय जाकर भी मिलकर दरख्वास्त देकर आए हैं, लेकिन अभी तक उनकी मांग पर कोई सुनवाई होने की ख़बर नहीं मिली है।

# ई-रिक्शा खड़े ट्रक से टकराई आठ महिलाओं के चोट आई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** खड़े ट्रक में ई-रिक्शा टकराने से उसमें सवार 8 महिलाएं व ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से तीन की हालत चिंताजनक बताई जाती है। जानकारी के अनुसार हादसा रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजनगर के समीप हाईवे पर तड़के करीब चार बजे हुआ। बताया जाता है कि सभी आठ महिलाएं बादीगढ़ स्थित एक सत्तू फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट करने के बाद ई-रिक्शा से अपने-अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान हाईवे किनारे खराब हालत में एक ट्रक खड़ा था। घायल महिलाओं के अनुसार सामने से आ रही कार की तेज रोशनी ई-रिक्शा चालक की आंखों पर पड़ने से उसे सड़क पर कुछ दिखाई नहीं दिया और ई-रिक्शा सीधे खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों में तारा देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी ग्राम जिक्रीवाला, खठरी पत्नी बृजगोपाल निवासी ग्राम जोगीपुरा, मंजू पत्नी ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम पुखेवाला, नूतन पत्नी नरेंद्र निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी, यशोदा पत्नी दलवीर निवासी ग्राम जिक्रीवाला, कमलेश पत्नी सुनील निवासी ग्राम जिक्रीवाला, रजनी पत्नी कुलदीप निवासी ग्राम त्रिलोकपुर तथा ई-रिक्शा चालक शेर सिंह निवासी ग्राम बादीगढ़ शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मंजू, रजनी और ई-रिक्शा चालक शेर सिंह की हालत गंभीर है, जिन्हें गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर भेज दिया गया है, जबकि अन्य घायल महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी जुटाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों के साथ-साथ हाईवे किनारे खराब हालत में खड़े ट्रक के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।



# मकान संबंधी विवाद में चार आरोपियों पर मुक़दमा दर्ज

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मोहल्ला बेगमसराय में मकान पर कब्जे, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी से जुड़े करीब छह वर्ष पुराने विवाद में पुलिस कार्रवाई को लेकर नया मोड़ सामने आया है। शिकायत पर पुलिस अधीक्षक बिजनौर की ओर से 6 अगस्त 2026 को थाना अफजलगढ़ पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 7 अगस्त को आठ के बजाये चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वादी का आरोप है कि शेष चार लोगों के नाम मुकदमे में शामिल नहीं किए गए, जबकि शिकायत में सभी आठ को आरोपी बनाया गया था। मोहल्ला मियाजी मीखा निवासी हाजी मो. रिजवान कुरैशी के अनुसार उनकी पत्नी ने 14 अक्टूबर 2020 को मोहल्ला बेगमसराय निवासी मो. हनीफ सैफी से एक मकान खरीदा था। मकान से संबंधित हाउस टैक्स और विद्युत कनेक्शन भी उनकी पत्नी के नाम दर्ज हैं। इसके बावजूद मकान को लेकर विवाद खड़ा हो गया और आरोपियों द्वारा कब्जे का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया। शिकायत में मो. जावेद सैफी, दानिश सैफी, शाइस्ता पत्नी जावेद सैफी, महमूना पत्नी हनीफ सैफी, मो. इदरीश कुरैशी, कलवा कुरैशी, सलीम अंसारी और वसीम अंसारी के नाम शामिल किए गए थे। लेकिन एसपी के आदेश के बावजूद आठ नामजद आरोपियों में से केवल चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनका आरोप है कि बाकी चार नामों को मुकदमे में शामिल नहीं किया गया, जिसके चलते वह पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। हाजी मो. रिजवान कुरैशी का कहना है कि वह मामले में कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे और किसी भी दबाव में पीछे नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य मकान से जुड़े विवाद में निष्पक्ष जांच और सभी दोषी लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई कराना है।

# वाटर प्लांट के नजदीक मिली युवक की लाश

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बुधवार को नगर के मोहल्ला गौहर अली खान में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गौहर अली खां स्थित एक वाटर प्लांट के नजदीक एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने जांच की तो व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जिसकी पहचान रईस पुत्र गुफरान अहमद निवासी ग्राम मेघपुर थाना अफजलगढ़ के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि रईस लंबे समय से बीमार रहता था। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारण का पता चल सकता है, तभी कुछ कहा जा सकता है।



# बाइक की टक्कर से युवक घायल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मधुमक्खी पालन का शहद ले जा रहे एक युवक को पीछे से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शादाब पुत्र अकबर निवासी हरिद्वार से काशीपुर मधुमक्खी पालन के शहद के डिब्बे लेकर वाहन से जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर ग्राम माननगर के समीप वह पेशाब करने के लिए वाहन से नीचे उतरने लगा, तभी पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शादाब गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल शादाब को उपचार के लिए अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे तत्काल हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# पूंडरी में निकली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता-कार्यकर्ता

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के ग्राम पूंडरी-बरकातपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। 'वंदे मातरम्', 'भारत माता की जय' आदि नारों के साथ निकाली गयी तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए। यात्रा के मुख्य अतिथि, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और एकता का प्रतीक है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना को और प्रबल करना है। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेत्री लीना सिंघल, नांगल मंडल प्रभारी कुं. बलदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, जिला महामंत्री बलराज त्यागी, वीरेन्द्र शर्मा, संदीप एड., शोभित चौधरी, ईशम सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा मुख्य रूप से शामिल रहे।

सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# कर्मचारियों की गैरहाजिरी पर भड़कीं एडीएम

## नगर पालिका का किया निरीक्षण, वाहनों के रख-रखाव में मिली खमियां



**नगीना (चिंगारी)।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने नगीना नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कई कर्मचारियों के गैरहाजिर मिलने पर एडीएम ने नाराजगी जताई। कूड़ा वाहनों के रख-रखाव में भी खामियां पाई गईं। अपर जिलाधिकारी बुधवार को नगीना नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर को देखा। एक कर्मचारी के हस्ताक्षर अग्रिम तिथि के पाए गए, कई अन्य कर्मचारी भी मौके पर गैर हाजिर मिले। एडीएम अंशिका दीक्षित ने कर्मचारियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। एडीएम ने नगर पालिका के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया और विकास कार्यों से संबंधित फाइलों को भी बारीकी से जांचा। कमी मिलने पर एडीएम ने फाइलें तलब कीं। इसके बाद एडीएम ने पालिका के वाटर वर्क्स और गौशाला का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई कार्यों के लिए खड़े कई वाहनों के रख-रखाव में कमी पाई गई। कई वाहन वर्षों से खड़े थे और कई कूड़ा वाहनों का महीनों से उपयोग नहीं किया गया। गौशाला में गौवंश की संख्या का सही विवरण नहीं मिला। एडीएम ने नाराजगी जताते हुए पालिका कर्मचारियों को फटकार लगाई और कार्यों में सुधार लाने व सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। एडीएम ने नगीना पार्क और एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया। एडीएम ने करीब पांच घंटे तक पालिका का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारी पसीना-पसीना होते दिखाई दिए।

**कार्यों में सुधार के दिये निर्देश**

# डिप्टी सीएम से अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग



पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने दिया मांग-पत्र

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सुबोध पाराशर ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को मांग-पत्र सौंपकर नजीबाबाद नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित अस्पतालों में योग्य चिकित्सकों की तैनाती एवं जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता कराने की मांग की है। सीएचसी समीपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के साथ-साथ डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को बताया कि नजीबाबाद के समीप समीपुर में सीएचसी में चिकित्सकों की भारी कमी होने के कारण वह सिर्फ रैफर सेंटर बनकर रह गया है। गरीब जनता को डायलिसिस कराने के लिये बड़े शहरों में जाना पड़ता है, जिससे कि उनका काफी ज्यादा पैसा खर्च होता है और वे कर्जदार हो जाते हैं। सीएचसी समीपुर में डायलिसिस मशीन एवं योग्य चिकित्सक की उपलब्धता करायी जाये। नांगल सोती एवं भागूवाला ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग्य चिकित्सकों को तैनात कर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायें। जोगीरमपुरी क्षेत्र को एक अस्पताल की सख्त आवश्यकता है। वहां शिया समुदाय की विश्व प्रसिद्ध दरगाह है, जहां कार्यक्रम होने पर देश-विदेश से शिया समुदाय के व्यक्ति आते हैं। इसके अलावा पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि चंदक में स्थित पीएचसी से दर्जनों गांवों के लोग जुड़े हुए हैं। लेकिन वहां पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री ने मांग-पत्र पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# संत शिरोमणि रविदास की जन्मस्थली की पावन मिट्टी के कलश का किया अभिनंदन

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम टांडा माईदास में कलश वंदन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की जन्मस्थली की पावन मिट्टी से युक्त कलश का ग्राम सरफुद्दीननगर, टांडा माईदास, लखीवाला में श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं वंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं संत श्री गुरु रविदास जी महाराज के अनुयायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्री गुरु रविदास जी महाराज की जन्मभूमि की पावन मिट्टी को नमन करते हुए सामाजिक समरसता, भाईचारे और समानता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कलश वंदन कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमेटी के प्रबंधक सुमेर सिंह उर्फ राणा, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, विशाल अग्रवाल,



डॉ. सुशील कुमार, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, मंडल अध्यक्ष सहदेव भारद्वाज, मंडल महामंत्री देशराज सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामावतार शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, मंडल मंत्री हिमांशु राजपूत, शक्ति केंद्र संयोजक रविंदर कुमार, शक्ति केंद्र संयोजक राजेंद्र सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी रेकू अग्रवाल, चंदन सिंह व करण डीलर, रविंद्र कुमार, ग्राम प्रधान विमला देवी, अक्षय कुमार, विकास कुमार, अनूप कुमार, पंकज कुमार, अमित पहलवान आदि का योगदान रहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी श्री कदम सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अत: कोई भी व्यक्ति उनसे किसी भी तरह का क्रय-विक्रय अथवा लेन-देन न करे। ऐसा करने पर वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा और यह पूर्णत: अवैध होगा। -**सुमित कुमार पुत्र श्री कदम सिंह, मौ. वसुन्धरा बिहार, निकट संस्कार बैंकट हॉल, ईगाह रोड, बिजनौर।**

# शरीफ कस्सार ने किया वृक्षारोपण

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** व्यापारी नेता एवं सपा (अ.स.) के बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र अध्यक्ष शरीफ अहमद कस्सार ने जश्न-ए-आजादी के मौके पर वृक्षारोपण किया। गत दिवस कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद के कई कब्रिस्तानों में छायादार वृक्षों के पौधे रोपित करते हुए शरीफ कस्सार ने कहा कि तेजी से बदल रहे वातावरण से संकट में पड़ते जा रहे जीवन को बचाने की गरज से आज अधिकाधिक वृक्ष लगाना वक्त की जरूरत है। उन्होंने तमाम लोगों से भी इस अतिआवश्यक एवं पुण्य कार्य करने का आह्वान किया है।



# नांगल में हुई माध्यमिक विद्यालयों की कुश्ती प्रतियोगिता

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बुधवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के मैदान में माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक एड. ऋषभ प्रताप सिंह तथा प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और पहली कुश्ती के पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। कुश्ती प्रतियोगिता में नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों-मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर, एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद, राजा चरत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज साहनपुर तथा राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग के 45 किग्रा भार वर्ग में सेहरान छात्र एमआईसी इंटर कॉलेज किरतपुर, 48 किग्रा भार वर्ग में बिलाल छात्र एमआईसी इंटर कॉलेज किरतपुर, 51 किग्रा भार वर्ग में मौ. फैजान छात्र एमआईसी इंटर कॉलेज किरतपुर, 55 किग्रा भार वर्ग में प्रशांत छात्र आरबीएस इंटर कॉलेज नांगल तथा 71 किग्रा भार वर्ग में रितिक छात्र राजा चरत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज साहनपुर विजयी रहे। जबकि सीनियर वर्ग के 57 किग्रा भार वर्ग में अल्फैज छात्र राजा चरत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज साहनपुर तथा 60 किग्रा भार वर्ग में वंश छात्र राजा चरत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज साहनपुर प्रथम रहे। रेफरी (निर्णायक) राहुल पहलवान निवासी चमरौला रहे। कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आरबीएस के पीटीआई डा. श्याम सिंह वित्तेश के दिशा-निर्देशन में हुआ।



पहलवान छात्रों के हाथ मिलवाकर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं पीटीआई।

# आग जलाने से भी नहीं भाग रहा गुलदार, आतंक बरकरार

शेरकोट ( चिंगारी )। पिछले कई दिन से रात के समय क्षेत्र के ग्राम तिपरजोत में गुलदार गांव में घूमता नजर आ रहा है। ग्रामीणों द्वारा गुलदार को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए आग जलाने जाने के बाद भी ना रुक पाने से दहशत का माहौल बनता जा रहा है। ग्राम तीपरजोत के शिवम कुमार, उजैर अहमद, योगेंदर कुमार आदि ने बताया कि उनके गांव में पिछले पांच दिन से रात के समय रोज गुलदार घूमता नजर आ रहा है। आबादी क्षेत्र में गुलदार के आने से पशु पालको व अन्य ग्रामीणों को किसी अनहोनी घटना के होने की चिंता सता रही है। शिवम कुमार ने बताया कि उनके मकान के पास रोज़ गुलदार के पंजों के निशान मिल रहे। उन्होंने बताय लोग देर रात तक जागकर आग जलाकर गुलदार को गांव से भगा रहे हैं। वही नगर के मोहल्ला समना सराय निवासी विभोर त्यागी ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। हादकपुर मार्ग पर स्थित विशाल बढ़ के पेड़ के पास अचानक गुलदार उसकी बैलगाड़ी के सामने आकर खड़ा हो गया। गुलदार को देखकर उसे पसीने छूट पड़े और वह बिना चारा लिये ही बैरंग लौट आया। ग्रामीणो ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी आशीष जोशी ने कहा कि गांव में टीम भेजकर गुलदार के आने की लोकेशन का पता कराकर शीध्र पिंजरा लगवाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने और रात के समय जंगल की ओर ना जाने की अपील की है।


फाइल फोटो

## बेखौफ होकर घूमते दिखे गुलदार, वीडियो वायरल

स्योहारा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर नियामताबाद रोड पर बुधवार को दो गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सड़क पर गुलदारों के घूमने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और गुलदारों को वहां से खदेड़ने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार बुढ़नपुर नियामताबाद रोड से दूध की गाड़ी गुजर रही थी। इसी दौरान चालक ने सड़क पर दो गुलदारों को घूमते हुए देखा। गुलदारों को देखकर चालक ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और लोग मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि जिस मार्ग पर गुलदार दिखाई दिए हैं, उसी रास्ते पर बच्चों के दो स्कूल भी स्थित हैं। रोजाना बड़ी संख्या में बच्चे इसी मार्ग से होकर स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में गुलदारों की मौजूदगी से बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में पहले भी गुलदार दिखाई देते रहे हैं। अब एक साथ दो गुलदार दिखाई देने के बाद लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से तत्काल क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने तथा गुलदारों को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने की मांग की है।

## हल्दौर में निकला कैंडल मार्च




**हल्दौर ( चिंगारी )। मासूम प्रिशा की मौत से हर कोई आहत है। प्रिशा के परिजनों के दु:ख को अपना मानते हुए एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने नगर में कैंडल मार्च निकाला तथा मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन थाने पर दिया।**

एसएफआई के बैनर तले निकले कैंडल मार्च में नगर के अन्य संगठनों के लोग भी शामिल हुए। संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मांग थी कि दिवंगत प्रिशा को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच हो तथा आरोपियों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाए। कैंडल मार्च नगर के शहीद स्मारक से शुरू होकर नगर के मुख्य चौराहों से होता हुआ स्थानीय थाने पर संपन्न हुआ। कैंडल मार्च में पूर्व सभासद रवि कुमार, नीतीश भारद्वाज, इशाक मंसूर एडवोकेट, सभासद बहार आलम, ताहिर हुसैन, गौरव अग्रवाल, नमन, अजीब, जतिन, अमन, अनुज, शिवम गुप्ता, निशांत, आकाश, आकाश चंद्रा, विकास कुमार, दिवाकर, विनीत, शिवम, सीटू, अभिषेक, रितेश, नीतीश, विनीत, आदित्य, बाबू, प्रशांत, रॉकी कश्यप अनुज देवरा, लकी, तुषार, हनी, चरित्र, विशाल कश्यप, रवि एडवोकेट, परविंदर बालियान, पंकज कश्यप, ऋषि, आशु, कमल कुमार, प्रियांशु, नमन, जितिन, अनुज दिवाकर, एलिस, शिवा सैनी आदि शामिल रहे।

## ब्राह्मण महासभा ने की न्याय की मांग

बिजनौर ( चिंगारी )। ब्राह्मण महासभा ( पंजी ) बिजनौर की एक बैठक महासभा के कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें हल्दौर निवासी संजीव मिश्रा की 7 वर्षीय बेटी प्रिशा के निधन पर शोक प्रकट कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में डाक्टर की लापरवाही की निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पूरा समाज संजीव मिश्रा एवं उनके परिजन के साथ हर मुश्किल साथ खड़ा है। बैठक में पं संजय हरित, पं अमरपाल शर्मा, डॉ अशोक शर्मा, पं ललित शर्मा, पं आशीष वशिष्ठ, पं अशोक कुमार शर्मा, पं अमित शर्मा, पं. ओ.पी. शर्मा, अंकुर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा



किरतपुर ( चिंगारी )। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में किरतपुर नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ सहभागिता की। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने किया। यात्रा नगर के मुख्य बाजार सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: देवाशंकर विद्यालय पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। पूरे यात्रा मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा। यात्रा में मुख्य रूप से अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री, रजनी कालरा जिला उपाध्यक्ष, अनुज अग्रवाल आई टी जिला सह संयोजक, अंकित चौधरी एवं संजीव गुप्ता मंडल प्रभारी की प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के सम्मान और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का संदेश देते हुए उत्साहपूर्वक यात्रा में सहभागिता की।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने बिजनौर में की पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

नजीबाबाद ( चिंगारी )। कांग्रेस पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जिला बिजनौर में संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पर्यवेक्षकों (अब्जर्वर) की नियुक्ति की गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा डॉ. शिखा मील बराला (विधायक) को एआईसीसी अब्जर्वर तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (यूपीसीसी) द्वारा डॉ. आज़ाद बेग, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (चिकित्सा प्रकोष्ठ) को एवं डॉ. संजय शर्मा, योगी जाटव को जिला बिजनौर का अब्जर्वर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पर्यवेक्षक जिले में कांग्रेस संगठन की जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगे तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर जिला, शहर एवं ब्लॉक अध्यक्ष हेतु कार्यकर्ताओं से आवेदन भी लेंगे। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सुझाव एवं राय प्राप्त करेंगे। डॉ. आजाद बेग ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से संगठन को बूथ से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने, सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने तथा कांग्रेस की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर ने पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सभी नवनियुक्त पर्यवेक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा विश्वास व्यक्त किया है कि उनके मार्गदर्शन में जिले में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती व गति मिलेगी।

## भाजपा नेता ने स्वास्थ्य मंत्री से नजीबाबाद में स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने की मांग की

नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने लखनऊ में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर नजीबाबाद विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में एक पत्र सौंपा। पत्र में नजीबाबाद के समीपुर अस्पताल में डायलिसियस मशीन व चिकित्सकों की नियुक्ति कराने, नजीबाबाद के महिला चिकित्सालय में महिलाओं की डिलीवरी मशीनों सहित पूर्ण सुविधाएं दिलाने, भागूवाला व जोगीरम्पुरी क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों व मशीनों की व्यवस्था कराने आदि की मांगें की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## डॉ. मंजू जौहरी मधुर को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न से सम्मानित किया

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर की वरिष्ठ लेखिका एवं साहित्यकार डॉ. मंजू जौहरी मधुर को उनकी साहित्यिक प्रतिभा व उत्कृष्ट लेखन के लिए कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया। मुंशी प्रेमचंद की 146 वीं जयंती के अवसर पर जयपुर के सिवाम ओडिटोरियम कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में मुंशी प्रेमचंद की गबन उपन्यास की समीक्षा तथा कविता के भाव प्रतियोगिता में साहित्यकार डॉ. मंजु जौहरी श्मधुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके उपलक्ष्य में उन्हें अंग वस्त्र तथा शील्ड प्रदान करके मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्यकारों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान रचनाकारों को निरंतर बेहतर साहित्य सृजन के लिए प्रेरित करते हैं। मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान मिलना डॉ. मंजू मधुर की साहित्यिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस सम्मान से साहित्य जगत में में खुशी व्याप्त है तथा अनेक कवियों लेखकों एवं साहित्यकारों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दीं।



# अरुणाचल के ताई तुगुंग को मिला नरेंद्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल बलूनी स्कूल में उत्तराखंड की लोकसंस्कृति के पुरोधा और सुप्रसिद्ध लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी के जन्मदिवस पर आयोजित नरेंद्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नेगी जी के गीतों के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित विशेष पुस्तक "Mountain Melodies of Narendra Singh Negi" का विमोचन किया।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मुख्यमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के ख्यातिलब्ध अभिनेता, रंगकर्मी एवं नाटककार ताई तुगुंग को वर्ष 2026 के 'नरेंद्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान' से अलंकृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेगी जी ने अपने गीतों के जरिए उत्तराखंड की लोक संस्कृति, संघर्ष, संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है।

सम्मान प्राप्तकर्ता ताई तुगुंग को बधाई देते हुए सीएम ने कहा कि न्यीशी भाषा, रंगकर्म और सिनेमा (विशेष रूप से कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित फिल्म 'संगी माई') के जरिए उन्होंने अरुणाचल की संस्कृति को विश्व पटल पर उभारा है। यह सम्मान उत्तर-पूर्व और हिमालयी राज्यों की साझी सांस्कृतिक विरासत को मजबूती प्रदान करता है।

## चेयरमैन मुअज्जम ने नगरपालिका स्टाफ के साथ निकाली तिरंगा रैली



नगरपालिका स्टाफ के साथ तिरंगा रैली निकालते चेयरमैन इंजी. मुअज्जम।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुरूवार को सुबह 9 बजे तिरंगा रैली निकाली गई। यह तिरंगा रैली नजीबाबाद नगर पालिका से शुरू होकर चौक बाजार, कल्लूगंज, जगन्नाथ चौक, अजमल खान रोड, राजो का चौराहा, डबल फाटक, नई तहसील, अम्दू खान चौक से होकर वापस नगरपालिका पर जाकर समाप्त हुई। तिरंगा रैली में नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ एमजीएम इंटर कॉलेज के छात्र, अध्यापक व स्टाफ, नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राएं व अध्यापक आदि भी शामिल रहे। रैली में शामिल सभी लोग अपने हाथों में तिरंगा लिये हुए थे। रैली में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, ईओ मुक्ता सिंह, सभासद कसीम अहमद एडवोकेट, राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान, हाजी इनामुल हक, राकेश जुनेजा, मौ. अजमल, फराज आब्दी, मौ. फैसल के साथ सम्मानित व जिम्मेदार लोग शामिल रहे।

## कृतिका शर्मा को मिला इंटरनेशनल अवार्ड

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर निवासी स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही चित्रकार कृतिका शर्मा पत्नी पुलकित शर्मा ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए, कला कुटुंब फाउंडेशन, अजमेर द्वारा आयोजित इंटरनेशनल चित्रकला प्रतियोगिता में इंटरनेशनल अवार्ड मिक्स मीडिया पेंटिंग (फर्स्ट अवार्ड) प्राप्त किया।

इस अंतराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में देश-विदेश के अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों ने प्रतिभाग किया। बिजनौर से अवार्ड सूची में केवल कृतिका का नाम शामिल है, जो पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। यह प्रतियोगिता विगत 31 जुलाई को ऑनलाइन आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 9 अगस्त 2026 को घोषित हुआ। पुरस्कार के रूप में प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। यह प्रतियोगिता कला कुटुंब फाउंडेशन की 44वीं अंतराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता थी। कृतिका ने इस उपलब्धि के लिए



कृतिका शर्मा



कला कुटुंब फाउंडेशन, अजमेर की फाउंडर शालू शर्मा मैडम का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें इस शानदार आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। कृतिका की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत कला-सफर की सफलता है, बल्कि पूरे बिजनौर जनपद और शिक्षक समाज के लिए भी गर्व का विषय है। कृतिका शर्मा मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय फरीदपुर काजी में अनुदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

## सपा नेता शहजाद अंसारी का बाईपास सर्जरी के बाद निधन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी सपा नेता शहजाद अंसारी का दिल्ली में दिल की बाईपास सर्जरी के दौरान 24 घंटे से भी अधिक समय तक होश न आने के बाद उनका निधन हो गया। उनका शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। कुछ समय पूर्व शहजाद के पिता व उसके बाद उनके बड़े भाई का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। शहजाद अंसारी के निधन पर नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक जताया। उन्हें आज दोपहर उनके पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके जनाजे में विधायक हाजी तसलीम अहमद, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खान एडवोकेट, मुनव्वर अली, रफीक अंसारी, आसिफ मुत्तकी, खालिद मसूद, निसार अहमद एडवोकेट, वसीम अहमद एडवोकेट, सभासद सरफराज अहमद, तसनीम सिद्दीकी, अमजद सिद्दीकी सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की।

## शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैंकिंग योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई



**धामपुर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा अधिकारी के अंतर्गत धामपुर में संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय बिजनौर द्वारा शिक्षकों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक शरत चंद्र एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक अर्चित रस्तोगी ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान शिक्षकों को बैंक की विभिन्न Advance एवं Deposit Schemes, शिक्षकों के लिए उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं एवं लाभ तथा बैंक की IT-enabled एवं Digital Banking Services के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय प्रबंधक शरत चंद्र ने शिक्षकों की बैंकिंग आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को समझने के साथ-साथ बैंक की डिजिटल सेवाओं से संबंधित उनके सुझाव एवं फीडबैक भी प्राप्त किए। इस अवसर पर शाखा धामपुर के मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समुचित व्यवस्थाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंडावर में भाजपा ने निकाली भव्य हर घर तिरंगा रैली

**मंडावर ( चिंगारी )।** भाजपा नेताओं ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हर घर तिरंगा रैली निकाली। झंडा पार्क से यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने किया। यात्रा में हजारों भाजपा कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सहकारी समिति कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति, देशसेवा और मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने देश की आजादी और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में विषम परिस्थितियों के बावजूद देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे



जवानों का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और सुरक्षा सर्वोपरि है। तिरंगा यात्रा समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में बांधते हुए 'नेशन फर्स्ट' की भावना को जन-जन तक पहुंचा रही है। तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मौ अजमल उमर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश विश्वकर्मा, मंडावर मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# इंकाइयों ने प्रदर्शन करके सरकार का पुतला जलाया

## नैनीताल में कार्यकर्ताओं से अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया


कोटद्वार के झंडाचौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** प्रदेश भाजपा सरकार पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग करने तथा नैनीताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए महानगर एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार एवं नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि 8 अगस्त को हल्द्वानी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली में शामिल होने जा रहे कोटद्वार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नैनीताल पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह रोककर परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक कार्यक्रम में शामिल होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकना और उनके साथ अभद्र व्यवहार करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। वहीं, नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अराजक तत्व कहे जाने पर भी कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल और उसके कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने और राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होने का संवैधानिक अधिकार है। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अराजक तत्व कहना न केवल उनका अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का भी अपमान है। कांग्रेस ऐसे किसी भी दमनकारी रवैये के सामने झुकने वाली नहीं है और जनहित एवं लोकतंत्र की आवाज मजबूती से उठाती रहेगी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछवाण, जिला अध्यक्ष विकास नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष बृजपाल सिंह नेगी, महामंत्री उपेंद्र सिंह नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील सेमवाल, नगर प्रवक्ता राकेश शर्मा और प्रदेश सचिव बलबीर सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

# धामी सरकार का सरकारी संपत्तियों के आधुनिकीकरण पर जोर



**देहरादून (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की सरकारी संपत्तियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता लाने की कवायद तेज हो गई है। इसी सिलसिले में सचिव आवास एवं राज्य संपत्ति विभाग डॉ. आर. राजेश कुमार ने विभाग से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक में देहरादून के टिहरी हाउस परिसर में नए बहुमंजिला आवासों के निर्माण, नवी मुंबई स्थित राज्य अतिथि गृह और हल्द्वानी सर्किट हाउस के विस्तारीकरण पर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई। देहरादून के राजपुर रोड स्थित टिहरी हाउस परिसर में श्रेणी-5 के 28 बहुमंजिला आवासों के निर्माण के लिए विभागीय व्यय वित्त समिति की बैठक हुई। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा पेश की गई कार्ययोजना के अनुसार, इस परियोजना की अनुमानित लागत 4,391.14 लाख रुपये तय की गई है। सचिव डॉ. राजेश कुमार ने निर्माण लागत को न्यूनतम संभव स्तर पर रखने और सिर्फ उत्कृष्ट श्रेणी की सामग्री इस्तेमाल करने के सख्त निर्देश दिए।

### मुंबई अतिथि गृह व हल्द्वानी सर्किट हाउस का होगा विस्तार

नवी मुंबई के वाशी स्थित राज्य अतिथि गृह की समीक्षा के दौरान सचिव ने वहां की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया और प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा। वहीं, हल्द्वानी सर्किट हाउस के गेस्ट हाउस व गोदाम के प्रथम तल पर अतिरिक्त कमरे बनाने की योजना पर भी चर्चा हुई। सचिव ने अपर सचिव को मौके का संयुक्त निरीक्षण कर वास्तविक जरूरतों के हिसाब से जल्द से जल्द कार्यवाई शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव अभिषेक रूहेला, संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार त्रिपाठी और प्रत्यूष कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# वन विभाग ने विद्यालय में जागरूकता शिविर लगाया

## हाथियों के व्यवहार व भोजन के विषय में बताया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से लैंसडौन वन प्रभाग की ओर से आमसौड़ स्थित राजकीय हाईस्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों से बांस के नए अंकुरों को न काटने की अपील की गई। शिविर में उप प्रभागीय वनाधिकारी रजत कपिल ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को हाथियों के व्यवहार, उनके प्राकृतिक आवास के बारे में बताया। कहा कि हाथियों का प्रिय भोजन बांस है। लेकिन, कई लोग बांस के नए अंकुरों को काट देते हैं। यदि इन अंकुरों को काटकर मानव उपयोग के लिए ले जाया जाता है, तो हाथियों के प्राकृतिक भोजन की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। मौके पर ग्रामीणों और विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे हाथियों के प्राकृतिक भोजन और उनके आवागमन वाले क्षेत्रों से छेड़छाड़ न करें। बांस के नए अंकुरों की अवैध कटाई को रोकने में वन विभाग का सहयोग करें। वन्य जीव प्रेमी राजीव बिष्ट ने कहा कि मानव और वन्यजीवों के बीच बेहतर सह-अस्तित्व के लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी आवश्यक है। हाथी कॉरिडोर और उनके प्राकृतिक भोजन स्रोतों का संरक्षण कर ही मानव-हाथी संघर्ष को प्रभावी रूप से कम किया जा सकता है। इस अवसर पर ग्रामीणों व विद्यार्थियों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# शिवरात्रि पर रोटरी क्लासिक ने बांटा कढ़ी-चावल का प्रसाद



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** ऋषिकेश हरिद्वार बायपास मार्ग स्थित गौरा देवी चौक के समीप श्रावण मास की शिवरात्रि पर रोटरी क्लासिक के सदस्य अजय गर्ग की ओर से श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सेवा एवं सामाजिक सरोकार का संदेश भी दिया गया। रोटरी क्लासिक के अध्यक्ष संजय सकलानी ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का पवित्र पर्व है। ऐसे अवसरों पर जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है। रोटरी क्लासिक के सचिव विजय रावत ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा की भावना को पहुंचाना है। धार्मिक पर्वों के अवसर पर प्रसाद वितरण जैसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने के साथ ही आपसी भाईचारे और सद्भाव को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लासिक के एक्सक्यूटी व सचिव राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, अजय गर्ग, सौरभ वर्मा, भूपेंद्र राणा, अंकित गुप्ता, हिमांशु जाटव आदि उपस्थित रहे।

# जंगली जानवर फसल उजाड़ रहे लगातार

## इनसे परेशान हैं जयहरीखाल के काश्तकार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत आने वाले गांवों के ग्रामीण इन दिनों हाथियों के साथ ही सूअर, नीलगाय व बंदरों के आतंक से परेशान हैं। जंगली जानवरों के आतंक से परेशान गांववासियों का खेती किसानी से मन उचट रहा है।

ब्लाक के अंतर्गत आने वाले बड़गांव, सिलवाड़, बिल्टिया, रामीसेरा और राईसेरा सहित कई गांवों के काश्तकार आज भी अपनी आजीविका के लिए खेती किसानी पर निर्भर हैं। लेकिन वर्तमान में जंगली जानवरों के आतंक से वे परेशान हैं। पूर्व में जंगली सूअर, नीलगाय व बंदर ही उनकी फसल को नुकसान पहुंचाते थे, लेकिन अब हाथी ने भी उनके क्षेत्र में दस्तक दे दी है। हाथियों का झुंड लगातार उनकी बागवानी और खेती पाती को नष्ट कर रहा है। मंगल सिंह, भीम सिंह, मनोहर लाल, गणेश चंद्र और बलबीर सिंह आदि काश्तकारों ने बताया कि जंगली जानवर खेती को नुकसान पहुंचाने के साथ ही उनके आंगन तक धमक रहे हैं। इस कारण वे अंधेरा होते ही घरों में कैद होने पर मजबूर हैं। कहा कि सरकार को इस संबंध में प्रभावी उपाय करने चाहिए।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नगरपालिका ने निकाली अफ़ज़लगढ़ में भव्य तिरंगा यात्रा

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका अफजलगढ़ एवं नगरवासियों की ओर से नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।

पालिका कार्यालय से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में नगर पालिका के प्रतिनिधियों, सभासदों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। तिरंगे के साथ निकली यात्रा ने नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। यात्रा के दौरान लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान को याद करते हुए देश के प्रति समर्पण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा अफजलगढ़ मुकेश शर्मा, भीम सिंह रावत, सनी गुप्ता, रक्षक रुहेला, सभासद मुकीब खान, उमेश अग्रवाल, रोहतास पवार, आदेश पवार, मोहम्मद चांद, मोहम्मद कादिर, कलवा कुरैशी, रंजीत पवार, मोहम्मद साबिर सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।



तिरंगा यात्रा में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर चलते पालिका कर्मचारी/नगरवासी


सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans, Havells Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

आवश्यकता है

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-

9319823965

8191819148

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

TILE O GRIP

8445517265

8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर